web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 08 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 251

महत्वपूर्ण एवं खास

नदी में गिरी स्कूली बच्चों से भरी बस, सात की मौत, 20 लोग घायल

दार्कुश। उत्तर-पश्चिमी सीरिया में बृहस्पतिवार को दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ है। हादसा उस वक्त हुआ जब एक स्कूल बस सडक़ से फिसलकर नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल बताए जा रहे है। मृतकों और घायलों में अधिकांश बच्चे थे। आपात सेवा ने हादसे को लेकर जानकारी दी है। स्थानीय नागरिक सुरक्षा संगठन ने एक बयान में बताया कि यह दुर्घटना इदलिब शहर के पश्चिम में स्थित दार्कुश के पास हुई, स्कूल बस ओरोंटेस नदी में गिर गई। स्थानीय नागरिक सुरक्षा संगठन ने बयान में कहा गया कि घटना की सूचना मिलने पर बचाव दल के कर्मियों ने छह घंटे तक तलाश अभियान चलाया। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि बस नदी में कैसे गिरी। दार्कुश के एक अस्पताल के डॉक्टर अहमद घंडौर ने बताया कि बस में सवार छात्र और शिक्षक अनाथ बच्चों के स्कूल से थे।

रूस में चार भारतीय छात्रों की नदी में डूबने से हुई मौत, मृतकों में 2 लड़कियां शामिल

मास्को। रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूबने से चार भारतीय छात्रों की मौत हो गई है। यहां स्थित भारतीय मिशन उनके शव जल्द से जल्द परिजनों तक पहुंचाने के लिए रूसी अधिकारियों के साथ संपर्क में है। चारों छात्र वेलिकी नोवगोरोद शहर में स्थित नोवगोरोद स्टेट यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे। इनमें 18 से 20 साल के दो लडक़े और दो लड़कियां थीं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, एक भारतीय छात्रा वोलखोव नदी में किनारे से थोड़ा दूर चली गई थी और डूबने लगी तो उसके चार साथी उसे बचाने की कोशिश में लग गए। खबरों के अनुसार, उसे बचाने की कोशिश में तीन और छात्र नदी में डूब गए। एक लडक़े को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मास्को में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''हम शवों को जल्द से जल्द परिजनों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस छात्र की जान बचाई गई है, उसका उचित इलाज किया जा रहा है।''

गाजा में भीषण संघर्ष जारी, एक इजरायली सैनिक और 13 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा/यरूशलेम। गाजा पट्टी में एक घर और युवाओं के एक समूह पर इजरायली बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों से ये जानकारी सामने आई है। सूत्रों ने फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि गुरुवार को इजरायली विमानों ने दक्षिणी गाजा में खान यूनिस शहर में एक घर पर मिसाइल से बमबारी की। हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिर एक ड्रोन ने उत्तरी गाजा में अल-शती शरणार्थी शिविर में युवाओं के एक समूह को निशाना बनाया। यहां ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। इस बीच, इजरायली सेना ने कहा कि दक्षिणी गाजा में एक सुरंग शाफ्ट से निकले फिलिस्तीनी आतंकवादियों का इजरायली सैनिकों से सामना हुआ, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गई। उसकी पहचान 34 वर्षीय ज़ीद मज़ारिब के रूप में हुई है। इससे पहले हमास की अल-क़सम ब्रिगेड ने कहा कि उसने रफा के पास इजरायली बलों द्वारा बनाए गए सुरंग के प्रवेश द्वार को उड़ा दिया, जिसके अंदर पांच इजरायली सैनिक मारे गए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने का न्यौता दिया, नौ जून को शपथ ग्रहण समारोह

नई दिल्ली। आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने उन्हें नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

मुलाकात के उपरांत पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को बताया है कि शपथ ग्रहण के लिए 9 जून की शाम को उन्हें सुविधा रहेगी, तब तक वह मंत्री परिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंपेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह देशवासियों को विश्वास दिलाते हैं कि 18वीं लोकसभा में पांच वर्ष के कार्यकाल में वे उसी गति और समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि आज सुबह एनडीए की बैठक हुई और सभी साथियों ने मुझे फिर से एक बार इस दायित्व के लिए पसंद किया है। एनडीए के सभी साथियों ने राष्ट्रपति को इसकी जानकारी दी है। राष्ट्रपति ने मुझे बुलाया था और मुझे प्रधानमंत्री मनोनीत के रूप में नियुक्ति दी है। नरेंद्र मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

4 जून को आए लोकसभा चुनाव के नतीजे में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला है। एनडीए के सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी में अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें अपना नेता चुना और समर्थन पत्र दिए हैं।

राष्ट्रपति भवन में नई सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। इन्हीं तैयारियों के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन को 5 से 9 जून तक आमजनों के लिए बंद रखा गया है।

शपथ ग्रहण समारोह के लिए सफाई कर्मचारियों, श्रमिकों व वंदे भारत के कर्मचारियों को न्योता

नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में 9 जून को सफाई कर्मचारियों. ट्रांसजेंडरों और सेंट्रल विस्टा परियोजना में काम करने वाले मजदूरों को भी आमंत्रित किया जाएगा। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विशेष आमंत्रित लोगों में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी और विकसित भारत के एम्बेसडर भी शामिल होंगे। वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनों में काम करने वाले रेलवे के कर्मचारियों को भी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। समारोह रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में होगा। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में आठ हजार से अधिक अतिथियों के लिए इंतजाम किये जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने समारोह में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ को भी न्योता भेजा गया है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद पीएम मोदी दूसरे ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो लगातार तीसरी बार पद की शपथ लेंगे।

पीएम मोदी ने चिराग को लगाया गले, तो योगी की थपथपाई पीठ

दिल्ली में हुए एनडीए की संसदीय दल की बैठक में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार संसदीय दल का नेता चुना गया. 9 जून को नरेंद्र मोदी पीएम पद की शपथ लेंगे. इस बैठक में शामिल एनडीए के तमाम सहयोगी पार्टियों के नेताओं ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दी. इस बैठक में सबसे दिलचस्प बात यह रही जब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नरेंद्र मोदी को बधाई दी और उन्होंने सीएम योगी की ओर देखा और उनकी पीठ थपथपाई. हालांकि 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन बहुत खराब रहा. पिछले चुनाव में यूपी में एनडीए ने 62 सीटों पर कब्जा किया था, लेकिन इस बार एनडीए महज 33 सीटों पर ही सिमट कर रह गई. विपक्ष लगातार इसे लेकर एनडीए पर तंज भी कसता नजर आ रहा है. वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी को समर्थन करते हुए जोरदार भाषण दिया. भाषण देते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि हमारी पार्टी जेडीयू मोदी जी को प्रधानमंत्री पद के लिए पूरी तरह से समर्थन करती है. साथ ही कहा कि पीएम मोदी ने पूरे देश की सेवा की है और हम इनके साथ है.

कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर गिरफ्तार

नईदिल्ली। आरएनएस

हिमाचल प्रदेश के मंडी से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली महिला सुरक्षाकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की आरोपी कांस्टेबल कुलविंदर कौर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।कौर को गुरुवार को कथित तौर पर रनौत को थप्पड़ मारने के बाद सीआईएसएफ की सेवा से निलंबित कर दिया गया था। मामले में पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

कंगना रनौत गुरुवार को दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक में भाग लेने के लिए चंडीगढ़ हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान पकडऩे जा रही थीं।हवाई अड्डे पर जांच के दौरान सुरक्षा कर्मी ने कथित तौर पर उनको थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद कंगना ने पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।बाद में कंगना ने एक वीडियो जारी कर बयान दिया था और इस घटना को पंजाब में आतंक से जोड़ा था।

सुरक्षाकर्मी कौर का घटना के बाद का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उन्होंने बताया कि कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान महिलाओं को 100-100 रुपये में लाने की बात कही थी, उस आंदोलन में कौर की मां भी शामिल थीं। बताया जा रहा है कि इससे नाराज होकर उन्होंने कंगना को थप्पड़ मारा।घटना के बाद पंजाब के किसान संगठन कौर के समर्थन में उतर आए हैं। किसान नेताओं का कहना है कि वह कार्रवाई का विरोध करेंगे।

संसद में फर्जी आधार कार्ड से प्रवेश की कोशिश, 3 लोग गिरफ्तार

नईदिल्ली। आरएनएस

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित संसद में शुक्रवार को फर्जी आधार कार्ड से प्रवेश करते समय 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों की पहचान कासिम, मोनिस और शोएब के रूप में हुई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने प्रवेश गेट पर जांच के दौरान तीनों को पकड़ा।सुरक्षा बल ने आरोपियों को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

नई संसद के अंदर सांसदों के लाउंज का निर्माण कार्य चल रहा है। तीनों लोगों को इसी निर्माण कार्य में लगाया गया था। उनको डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने काम पर रखा था।संसद के प्रवेश द्वार नंबर 3 पर जांच के दौरान तीनों को सुरक्षा कर्मियों ने रोक लिया और उनकी जांच की। इस दौरान उनके आधार कार्ड देखे गए तो वह फर्जी लगे।कार्ड को आगे की जांच में भेजा गया तो जाली थे।

तीनों लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें धारा 465 (जालसाजी), धारा 419 (छद्मवेश द्वारा धोखाधड़ी), धारा 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 471 (जाली दस्तावेज को वास्तविक के रूप में उपयोग करना) और धारा 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) शामिल हैं।बता दें कि कुछ समय पहले ही संसद की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और दिल्ली पुलिस से लेकर सीआईएसएफ को सौंपी गई है।

13 दिसंबर, 2023 को शीतकालीन सत्र में शून्य काल के दौरान 2 युवक अचानक से दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूद गए थे और बेंचों पर कूदते हुए गैस कनस्तर से पीले रंग की गैस उड़ा दी।सांसदों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया और सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया। संसद के बाहर एक महिला और युवक पीले रंग का धुआं उड़ाते गिरफ्तार किए गए।यूएपीए के तहत दर्ज मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तारी हो चुकी है।

गाजियाबाद स्टेशन पर बड़ा हादसा टला, पटरी से उतरा तेजस एक्सप्रेस के कोच का पहिया

गाजियाबाद। आरएनएस

गाजियाबाद स्टेशन पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भुवनेश्वर से नई दिल्ली आ रही तेजस एक्सप्रेस का एक पहिया पटरी से उतर गया। सूचना मिलते ही तुरंत रेलवे के अधिकारी और इंजीनियर मौके पर पहुंचे और करीब 1 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इसे रिपेयर कर दिल्ली के लिए रवाना किया।

गनीमत यह रही कि यह हादसा गाजियाबाद के स्टेशन पर हुआ, अगर बीच रास्ते में होता तो इसे ठीक कर आगे के गंतव्य के लिए रवाना करने में बहुत ज्यादा समय लगता।

गाजियाबाद जंक्शन पर शुक्रवार सुबह उस वक्त हडक़ंप मच गया जब ओडिशा के भुवनेश्वर से आ रही तेजस एक्सप्रेस के एक कोच का एक पहिया पटरी से उतर गया। इसकी सूचना मिलते ही ट्रेन को आनन-फानन में रोका गया और गाजियाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर इसकी मरम्मत की गई।

कोच के पहिए के पटरी से उतरने के बाद धीरे-धीरे दूसरे कोच के पहिए भी पटरी से बाहर आने लगे थे। गनीमत यह रही की सूचना मिलते ही गाड़ी को तुरंत रोक लिया गया। बताया जा रहा है कि उसे समय गाड़ी की रफ्तार भी काफी कम थी क्योंकि वह स्टेशन को पार करने की तैयारी में थी। भुवनेश्वर से नई दिल्ली आ रही तेजस एक्सप्रेस के कोच का पटरी से उतरने का ये हादसा गाजियाबाद जंक्शन में प्लेटफार्म नंबर-4 के पास हुआ। इंजीनियरों ने डीरेल हुए दोनों कोच को अलग कर ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना कर दिया।

रेलवे की तरफ से भी बताया गया है कि इस हादसे में सभी पैसेंजर पूरी तरीके से सुरक्षित हैं। तेजस ट्रेन के एक कोच के डिरेल होने के बाद उसे अलग कर ट्रेन को सुबह करीब 10 बजे के आसपास दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह करीब 9 बजे के आसपास हुआ। सूचना पर तुरंत रेलवे के अधिकारी और इंजीनियर मौके पर पहुंच गए। किसी भी पैसेंजर को किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है। मौके पर पहुंचे रेलवे के अधिकारी पटरी पर चेक कर रहे हैं कि किस जगह से यह पहिया पटरी को छोडक़र बाहर आना शुरू हुआ ताकि उस जगह की मरम्मत कर आगे आने वाले किसी भी प्रकार की घटना को रोका जा सके।

फरीदाबाद में पटरी से उतरे मालगाड़ी के दो डिब्बे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

हरियाणा। आरएनएस

हरियाणा के फरीदाबाद में शुक्रवार को रेलवे का एक बड़ा हादसा टल गया. दरअसल, फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास आज सुबह मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए. जिसके बाद वहां अफरातफरी मच गई. बताया जा रहा है कि हादसा शुक्रवार सुबह 9.30 बजे हुआ. मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने की सूचना मिलने के बाद रेलवे में हडक़ंप मच गया और आनन फानन में उस रूट की सभी ट्रेनों को रास्ते में ही रोक दिया गया. उसके बाद राहत बचाव अभियान चलाया गया जो अभी जारी है.

बता दें कि ये हादसा ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास हुआ. मालगाड़ी में कोयला भरा हुआ था. जो आगरा से दिल्ली की ओर जा रही थी. हादसे का बाद एक रूट पर गाडिय़ों का आवागमन थम गया जबकि दूसरे ट्रैक पर गाडिय़ां गुजरती रही. फिलहाल ट्रैक से मालगाड़ी के पलटे हुए डिब्बों को हटाया जा रहा है. माना जा रहा है कि अगले कुछ घंटों में ट्रैक को साफ कर दिया जाएगा और गाडिय़ों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा. रेलवे ट्रैक साफ होने के बाद रेलवे इस बात की जांच करेगा कि मालगाड़ी के डब्बे कैसे ट्रैक से उतर गए.

बता दें कि इससे पहले मंगलवार (4 जून) को ताज एक्सप्रेस के डी-3 कोच में आग लग गई थी. कोच में जलने की दुर्गंध आने के बाद सभी यात्री सचेत हो गए. तभी एकाएक कोच से धुआं और उसके बाद आग की तेज लपटें उठने लगीं. इससे बोगी में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई. इस दौरान एक यात्री ने चेन खींच दी. उसके बाद सभी दरवाजे की ओर भागे, लेकिन भीड़ ज्यादा होने की वजह से लोग गैलरी में ही फंस गए. जिससे चीख-पुकार मच गई. हालांकि कुछ देर में सभी यात्रा ट्रेन से बाहर निकल आए.

मानसून पहुंचा महाराष्ट्र, मुंबई में 9-10 जून तक देगा दस्तक

नई दिल्ली। आरएनएस

मानसून महाराष्ट्र में दस्तक दे चुका है. मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 6 जून को मानसून महाराष्ट्र के कोंकण पहुंच चुका है और अगले चार दिन में पूरे प्रदेश में फैल जाएगा. मौसम विभाग ने बताया मुंबई में 9-10 जून तक मानसून के पहुंचने की उम्मीद है. मुंबई के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के उप महानिदेशक ने कहा, मानसून की बारिश 6 जून को दक्षिणी कोंकण क्षेत्र से प्रवेश करके महाराष्ट्र में पहुंची और यह सुबह तक रत्नागिरी और सोलापुर तक पहुंच जाएगी.

मुंबई में इसके आगमन के बारे में सवाल का जवाब देते हुए, अधिकारी ने कहा, अगले चार दिन महाराष्ट्र में मानसून के आगे बढऩे के लिए काफी अनुकूल हैं और इसके 9 जून - 10 जून तक मुंबई पहुंचने की उम्मीद है. इससे पहले, गुरुवार को, हैदराबाद मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी कि तेलंगाना में समय से पहले मानसून आया और पिछले साल की तुलना में अच्छी बारिश होगी.

दिल्ली के लोगों को गर्मी से राहत मिलने में थोड़ा समय है. यहां जून के महीने के अंत तक मानसून पहुंच सकता है. 25 से 30 जून के बीच दिल्ली में मानसून के पहुंचने की उम्मीद है.

मानसून के 15 जून तक गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी दस्तक देने की उम्मीद है. 20 जून तक उत्तर प्रदेश और 25 जून तक राजस्थान दिल्ली में भी मानसून पहुंच सकता है. 30 जून तक पूरे देश में बारिश शुरू होने की उम्मीद है. राजस्थान के पश्चिमी इलाकों में 5 जुलाई तक मानसून पहुंचेगा.

इस साल मानसून सबसे पहले श्रीलंका पहुंचा था, जहां 19 मई से ही बारिश शुरू हो गई थी. मानसून ने भारत में 30 मई को दस्तक दी. 2 जून तक दक्षिण भारत के चार राज्यों में मानसून दस्तक दे चुका था. 6 जून तक महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल सहित दक्षिण भारत और पूर्वी भारत में मानसून आ चुका है. मौसम विभाग ने बताया कि तूफान रेमल के कारण कई राज्यों में मानसून जल्दी पहुंचा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी राज्यों में मानसून अनुमानित समय से पहले पहुंचेगा.

केजरीवाल को दिल्ली कोर्ट से नहीं मिली नियमित जमानत

- सुनवाई 14 जून तक के लिए टली

नईदिल्ली। आरएनएस

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका को 14 जून तक के लिए स्थगित कर दी है। आज जब मामले की सुनवाई हुई तो केजरीवाल के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने कल तक के लिए स्थगन मांगा, क्योंकि उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर 182 पन्नों के जवाब को पढऩे के लिए और समय चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उन्हें आज जमानत पर सुनवाई से कुछ ही समय पहले ईडी का जवाब दिया गया।

इससे पहले पांच जून को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत पर सुनवाई हुई और साथ ही चिकित्सा आधार पर 7 दिनों की अंतरिम जमानत मांगने वाली याचिका पर भी सुनवाई की। शराब नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को 19 जून तक के लिए बढ़ा दिया है।

राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने चिकित्सा आधार पर 7 दिनों की अंतरिम जमानत मांगने वाली केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। उनकी नियमित जमानत याचिका पर 7 जून को सुनवाई होनी है।

अरविंद केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी। इसके एक दिन बाद उन्होंने सरेंडर कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल के लिए कुछ डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए कुछ निर्देश दिए गए हैं। वीसी के जरिए तिहाड़ जेल से कोर्ट में पेश किए गए केजरीवाल को 19 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अब उन्हें 19 जून को दोपहर 2 बजे अवकाशकालीन जज के सामने पेश किया जाएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दाखिल पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के मुद्दे पर अदालत ने अपना फैसला टाल दिया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा अब इस मुद्दे पर 9 जुलाई को फैसला लेंगी। न्यायाधीश ने इस मुद्दे पर सभी पक्षों को सुनने के बाद 28 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप पत्र में कहा है कि राजधानी में शराब के व्यापार में निवेश करने की एवज में पंजाब के व्यापारियों से भी रिश्वत ली गई थी। उसने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) शासित पंजाब के उन व्यापारियों को पड़ोसी राज्य में शराब कारोबार में निवेश नहीं करने दिया गया, जिन्होंने रिश्वत नहीं दी थी। पहली बार धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत किसी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई निर्धारित तारीख के अनुसार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वह राजघाट, हनुमान मंदिर गए और पार्टी नेताओं से भी मिले। सीएम केजरीवाल ने हमें उनके बारे में न सोचने और काम करने के लिए कहा है।